**रजिस्टर्ड पत्र**

**राजस्थान सरकार**
**निदेशालय कोष एवं लेखा राजस्थान जयपुर**
वित्त भवन" जनपथ, जयपुर– 302015

क्रमांकः– एफ4(ई)(1)(6)/अलेसे–III/2019–20/पार्ट–II/ 4656 दिनांकः– 22/10/2019

**श्री अमित पाटनी,**
**पुत्र श्री विजय कुमार जैन,**
**जैन धर्मशाला के सामने, बसन गेट,**
**भरतपुर–321001 (राज.)**

**विषयः–** कनि. लेखाकार/तहसील राजस्व लेखाकार संयुक्त प्रतियोगी परीक्षा–2013 में कनि. लेखाकार पद पर नियुक्ति हेतु दस्तावेज सत्यापन की कार्यवाही पूर्ण करने बाबत्।

**प्रसंगः–** निदेशालय के पत्र क्रमांक एफ.4 (ई)(1)(6)/नियुक्ति/अलेसे–III/2911 दिनांक 27.02.2019 एवं पत्र क्रमांक एफ.4 (ई)(1)(6)/नियुक्ति/अलेसे–III/3909 दिनांक 22.07.2019

उपरोक्त विषयान्तर्गत प्रासंगिक पत्रों के अनुसार कनि. लेखाकार पद पर आपकी नियुक्ति के लिए दस्तावेज सत्यापन संबंधी कार्यवाही दिनांक 26.07.2019 तक पूर्ण करने के निर्देश प्रदान करते हुए अन्तिम अवसर दिया गया था। किन्तु आप द्वारा आज दिनांक तक भी बकाया दस्तावेज **(पूर्व नियोक्ता द्वारा जारी आचरण संबंधी प्रमाण–पत्र एवं विभागीय जॉच लंबित/प्रस्तावित नहीं होने का प्रमाण–पत्र)** विभाग में प्रस्तुत नहीं किये गये हैं, जिससे यह प्रतीत होता हैं कि आप उक्त नियुक्ति के लिए इच्छुक नहीं हैं।

आपके प्रार्थना पत्र दिनांक 25.07.2019 के द्वारा आपने उक्त बकाया दस्तावेजों के लिये समय दिये जाने की मांग की गई है। इस संबंध में लेख है कि उक्त प्रकरण में आपको पूर्व में निदेशालय द्वारा एकाधिक अवसर प्रदान करते हुऐ दस्तावेज सत्यापन के लिये काफी लम्बा समय दिया जा चुका है, लेकिन आप द्वारा विभाग में आदिनांक तक भी दस्तावेज सत्यापन की कार्यवाही पूर्ण नही की गई है।

अतः आपको अंतिम अवसर प्रदान करते हुऐ निर्देशित किया जाता हैं कि आप दिनांक 31/10/2019 तक बकाया दस्तावेज इस विभाग में आवश्यक रूप से प्रस्तुत करें अन्यथा यह मानते हुए कि आप उक्त नियुक्ति के लिए आवश्यक दस्तावेज प्रस्तुत करने में असफल रहे है। जिस कारण आपकी अभ्यर्थिता निरस्त समझी जावेगी। कृपया सूचित रहे।

**(मुकुन्द सोहोनी)**
**निदेशक**

Local Disk(D:)/ GOVIND FATEHPURIYA/Dheeraj Maheshwari.docx